प्रेस विज्ञप्ति

वलसाद में फंसे 28 लोगों को तटरक्षक ने बचाया

1. 02 अगस्त 2016 लगभग 1000 बजे भारतीय तटरक्षक वायु स्टेशन दमन को वलसाद प्रशासन (गुजरात) से टेलीफोन द्वारा सूचना दी गई कि औरंगा नदी में बाढ़ आ जाने के कारण वलसाद के निकट एक छत के ऊपर 10 लोग फंस गये हैं। यह स्थान मुंबई के उत्तर 175 किमी तथा तटरक्षक वायु स्टेशन दमन से 13.5 नॉटिकल मील की दूरी (लगभग 25 किमी) पर स्थित था।

2. सूचना मिलने पर, 15 मिनट के अंदर वायु स्टेशन में तैनात चेतक हेलीकॉप्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्रता से उड़ान भरी। तेज हवा एवं प्रतिकूल मौसम का सामना करते हुए हेलीकॉप्टर निर्दिष्ट स्थान पर पहुँचकर संकटग्रस्त लोगों की पहचान की। हेलीकॉप्टर कर्मियों ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया तथा संकटग्रस्त लोगों को सुरक्षित पहुँचाने के लिए स्थान की पहचान की। तटरक्षक गोताखोरों ने 28 लोगों को विंच के माध्यम से खींचकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया।

3. क्षेत्र में बाढ़ के कारण छतों पर फंसे हुए और अधिक लोगों को बचाने का अभियान अभी भी जारी है।